# मध्यप्रदेश विधान सभा

**जुलाई, 2010 सत्र**

**दैनिक कार्य सूची**

**शुक्रवार, दिनांक 30 जुलाई, 2010 (श्रावण 8, 1932)**

**समय 10.30 बजे दिन**

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) चौधरी मेर सिंह,श्री प्रेमनारायण ठाकुर, सदस्य, छिंदवाड़ा जिले की पेंच परियोजना के निर्माण कार्य में अनियमितता होने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(2) श्री के.पी.सिंह "कक्काजू", सदस्य, शिवपुरी जिले के ग्राम घटवरा में दलित के साथ मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार न किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(3) श्री अरूणोदय चौबे, डॉ. कल्पना परूलेकर, डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, सागर जिले के ग्राम पंचायत मालथौन के सचिव द्वारा अनियमितता किये जाने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(4) सर्वश्री केदारनाथ शुक्ल , कुंवर सिंह टेकाम, सदस्य, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा सेमेस्टर प्रणाली की परीक्षाएं सही समय पर संचालित न किये जाने की ओर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(5) श्री बृजेन्द्र सिंह, सदस्य, टीकमगढ़ जिले में आपराधिक घटनाएं घटित होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(6) श्री अभय मिश्रा,चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, सदस्य, लोक निर्माण विभाग द्वारा फर्जी जाति प्रमाण पत्र के माध्यम से सेवा कर रहे अधिकारी पर कार्यवाही न किये जाने की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(7) सर्वश्री अजय सिह,पारस सकलेचा, प्रताप ग्रेवाल, सदस्य, प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों में व अस्पताल में गरीब मरीजों पर ड्रग ट्रायल किये जाने की ओर राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(8) श्रीमती नीता पटेरिया, श्रीमती शशि ठाकुर , सदस्य, सिवनी जिला मुख्यालय स्थित उप पंजीयक कार्यालय में आग लगने से उत्पन्न स्थिति की ओर वाणिज्यिक कर मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी।

(9) श्री एदल सिंह कंसाना, डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, ग्वालियर के गोला मंदिर पुलिस द्वारा दहेज हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार न किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(10) डॉ. कल्पना परूलेकर, सदस्य, उद्यानिकी विभाग में स्टाफ की कमी से उत्पन्न स्थिति की ओर उद्यानिकी मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी।

(11) श्री तुलसीराम सिलावट, सदस्य, इंदौर-उज्जैन फोरलेन हाइवे पर टोल नाके के स्थान परिवर्तन से उत्पन्न स्थिति की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(12) सर्वश्री मदन कुशवाह, रामलखन सिंह, डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, ग्वालियर जिले के बेलागांव में गोली चालन की घटना से उत्पन्न स्थिति की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(13) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, सदस्य, प्रदेश की अनेक मंडियों में गेहूँ रखने की व्यवस्था न होने से उत्पन्न स्थिति की ओर राज्य मंत्री खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(14) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, सीहोर जिले के रातापानी सेंचुरी में वनों की अवैध कटाई होने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(15) सर्वश्री देवेन्द्र वर्मा, राजेश वर्मा, सदस्य, खंडवा जिले में सोयाबीन बीज गुणवत्ताहीन एवं निर्धारित दर से अधिक दर पर कृषकों को विक्रय किये जाने की ओर किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(16) श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सदस्य, ग्वालियर शहर की कालोनियों में मूलभूत सुविधाएं न होने की ओर आवास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(17) श्री सुदामा सिंह सिंग्राम, सदस्य, अनूपपुर जिले के गिरवी बांध से निकाले गये पत्थर कृषकों की भूमि में रखने से उत्पन्न स्थिति की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(18) श्री ताराचंद बावरिया, सदस्य, छिंदवाड़ा जिले के परासिया में बम विस्फोट की घटनाएं होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(19) श्री के.पी.सिंह "कक्काजू", सदस्य, प्रदेश में लायसेंस ड्रायविंग परमिट कार्ड को बनाने वाली कम्पनी द्वारा अनियमितता किये जाने की ओर परिवहन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(20) श्री ध्रुवनारायण सिंह, सदस्य, भोपाल स्थित महाविद्यालयों में प्रवेश देने में अनियमितता होने की ओर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(21) श्री आरिफ अकील, सदस्य, प्रदेश में मदरसा बोर्ड के छात्रों को छात्रवृत्ति न मिलने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(22) श्री यादवेन्द्र सिंह, सदस्य, टीकमगढ़ जिले में मनरेगा कार्य अंतर्गत मशीनों से कार्य कराये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(23) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, सदस्य, खंडवा जिले के रेवा थर्मल प्लांट द्वारा मुआवजा वितरण में अनुबंध शर्तो का पालन न किये जाने की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(24) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, डॉ.गोविन्द सिंह, श्री रामनिवास रावत, सदस्य, ग्वालियर नगर के विक्टोरिया मार्केट के अग्नि पीड़ित व्यापारियों को मुआवजा राशि न दिये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(25) श्री आरिफ अकील, डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, प्रदेश में कृषकों के द्वारा विक्रय किये गये बीज की राशि का भुगतान बीज निगम द्वारा न किये जाने की ओर किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(26) श्रीमती साधना स्थापक, सदस्य, नरसिंहपुर जिले में गाडरवारा विपणन सहकारी समिति द्वारा कृषक के उपज का भुगतान न किये जाने की ओर सहकारिता मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी।

(27) डॉ. गोविन्द सिंह, श्री रामनिवास रावत, चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, सदस्य, बैतूल जिले में वनों की अवैध कटाई होने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(28) श्री आरिफ अकील, डॉ. गोविन्द सिंह, श्री रामनिवास रावत, सदस्य, उज्जैन की कृषि उपज मंडी में टैक्स की चोरी होने की ओर किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(29) श्री पांचीलाल मेड़ा, सदस्य, जबलपुर एवं कटनी जिले में खनिज कार्य में लगे श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था न होने की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(30) श्री रामलखन सिंह, सदस्य, प्रदेश के अजाक थानो में पुलिस बल की कमी से उत्पन्न स्थिति की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(31) श्री आरिफ अकील, सदस्य, भोपाल नगर निगम द्वारा वाहन के नाम पर भ्रष्टाचार किये जाने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(32) सर्वश्री अजय सिंह, पांचीलाल मेड़ा, सदस्य, मंडला जिले के सूरजपुरा के पास हाईटेंशन विद्युत लाईन से बस टकराने से कई बारातियों की मौत होने की ओर राज्य मंत्री ऊर्जा का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(33) श्री मोती कश्यप, सदस्य, कटनी जिले की अनेक तहसीलों में कृषकों को ऋण पुस्तिका न मिलने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(34) श्री अजय सिंह, सदस्य, सीधी जिले के ग्राम लोहझर में आदिवासी महिलाओं के साथ पुलिस कर्मियों के द्वारा दुराचार किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(35) श्री प्रियव्रत सिंह, सदस्य, राजगढ़ जिले के खिलचीपुर एवं जीरापुर तहसील में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना में कार्यरत श्रमिकों को भुगतान न होने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(36) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले की नगर पंचायत दबोह द्वारा नियम विरूद्ध कार्य कर अनियमितता किये जाने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(37) श्री पांचीलाल मेड़ा, सदस्य, इंदौर शहर में मिलावटी खाद्य वस्तुओं की बिक्री होने से उत्पन्न स्थिति की ओर राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(38) इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य, सागर जिले के नरयावली क्षेत्र के सिदगुवां में स्थापित औद्योगिक इकाई बंद होने से उत्पन्न स्थिति की ओर वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(39) श्री बृजमोहन धूत, सदस्य, देवास जिले के नेमावर क्षेत्र के पास स्वीकृत क्षेत्रफल से अधिक की रेत की निकासी होने की ओर राज्य मंत्री खनिज साधन का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(40) श्री सुदर्शन गुप्ता, सदस्य, इंदौर स्थित गंदी बस्ती कालोनियों में विद्युत व्यवस्था न होने की ओर राज्य मंत्री ऊर्जा का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(41) श्री दीपक कैलाश जोशी, सदस्य, भोपाल में विद्यालयीन व्याख्याताओं को अतिशेष घोषित किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(42) श्री आरिफ अकील, डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम कचूर में हो रही ब्लास्टिंग से प्रदूषण होने से उत्पन्न स्थिति की ओर पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(43) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, सर्वश्री यादवेन्द्र सिंह, प्रेमनारायण ठाकुर, सदस्य, भिण्ड एवं टीकमगढ़ जिले में ऋण माफी योजना का लाभ अपात्र लोगों को दिये जाने की ओर सहकारिता मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(44) श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति (एन.पी.), सदस्य, बालाघाट जिले के किरनापुर लांजी बाघ मार्ग की जर्जर हालत होने की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(45) श्रीमती साधना स्थापक, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम साईखेड़ा में अतिक्रमण हटाने के दौरान एक युवक को प्रताड़ित किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी।

(46) श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा, सदस्य, जावरा के ग्राम भुतेड़ा में अनुसूचित जाति की महिला का मकान तोड़े जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(47) सर्वश्री मूल सिंह, शिव नारायण मीना, डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, गुना जिले में निर्दोश लोगों पर पुलिस द्वारा कार्यवाही किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(48) श्री सुरेश चौधरी, सदस्य, मुरैना जिले में स्वास्थ्य सुविधा का अभाव होने की ओर राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(49) श्री पुरूषोत्तम दांगी, सदस्य, राजगढ़ जिले के ब्यावरा क्षेत्र में घटिया बीज का वितरण किये जाने की ओर किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(50) श्री ज्ञान सिंह, सदस्य, उमरिया जिले के ग्राम चिरहुला में आदिवासियों के साथ वनकर्मियों द्वारा मारपीट किये जाने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(51) सर्वश्री रामलाल मालवीय, अरूणोदय चौबे, सुरेश चौधरी, सदस्य, उज्जैन के राजनैतिक पार्टी के शहर अध्यक्ष के खिलाफ समाचार के आधार पर रिपोर्ट दर्ज किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(52) श्री संतोष जोशी, सदस्य, शाजापुर जिले के सुसनेर क्षेत्र में संतरे की खेती प्राकृतिक आपदा से नष्ट होने की ओर उद्यानिकी मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(53) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, सदस्य, झाबुआ में पदस्थ सहायक आबकारी आयुक्त पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र पाये जाने के बावजूद कार्यवाही न किये जाने की ओर वाणिज्यिक कर मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(54) श्री सुखदेव पांसे, सदस्य, बैतूल जिले के ग्राम मंगौना खुर्द में विद्युत लाईन के तार टूटने से करंट लगने से मौत होने की ओर राज्यमंत्री ऊर्जा का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(55) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, सदस्य, जबलपुर में उद्यानिकी विभाग के दोषियों पर कार्यवाही न होने की ओर उद्यानिकी मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(56) श्री प्रेमनारायण ठाकुर, सदस्य, प्रदेश के आदिवासी छात्रावासों में निचली कक्षाओं के छात्रों को प्रवेश न दिये जाने की ओर आदिम जाति कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(57) सर्वश्री पारस सकलेचा, पांचीलाल मेड़ा, सदस्य, उज्जैन संभाग सहित प्रदेश के अनेक जिलो में नकली दवाओं का कारोबार होने की ओर राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(58) श्री रामनिवास रावत, सदस्य, मुरैना जिलाध्यक्ष कार्यालय में ज्ञापन देते समय लोगों के साथ पुलिस द्वारा मारपीट किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(59) श्री राव देशराज सिंह यादव, सदस्य, अशोक नगर जिले में पुलिस द्वारा अपराधियों की बजाय निर्दोषों पर प्रकरण दर्ज किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(60) सर्वश्री राव देशराज सिंह यादव,रामनिवास रावत, सदस्य, ईशागढ़ चंदेरी मार्ग पर बस यात्रियों के साथ लूटपाट होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(61) श्री रामनिवास रावत, सदस्य, श्योपुर जिले में विद्युत आपूर्ति न होने से उत्पन्न स्थिति की ओर राज्यमंत्री ऊर्जा का ध्यान आकर्षित करेंगे।

## 3. प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अवधि में वृद्धि का प्रस्ताव

श्री गिरीश गौतम, सभापति, विशेषाधिकार समिति, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे -

"विशेषाधिकार समिति को संदर्भित विशेषाधिकार भंग की सूचनाओं पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु आगामी सत्र के अंतिम दिवस तक की वृद्धि की जाय.".

## 4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री राजकुमार उरमलिया, सदस्य, रीवा जिले के -
- (क) विकासखण्ड-सिरमौर की शासकीय माध्यमिक शालाओं को हाई स्कूलों में उन्नयन किये जाने, तथा
- (ख) विकासखण्ड-सिरमौर के ग्राम-अतरैला में शासकीय महाविद्यालय खोले जाने,

(2) श्री ताराचंद बावरिया, सदस्य, छिन्दवाड़ा जिले के -
- (क) विकासखण्ड-परासिया के तीतरा डुगरिया के पास घटामाली नदी पर पुल निर्माण किये जाने,
- (ख) तहसील मुख्यालय उमरेठ में महाविद्यालय खोले जाने, तथा
- (ग) विकाखखण्ड-परासिया के ग्राम-बारंगा सहवानी में हायर सेकेण्ड्री स्कूल खोले जाने,

(3) श्री माखनलाल राठौर, सदस्य, शिवपुरी के -
- (क) शहर के वार्ड नंबर 16 में सी.सी. रोड निर्माण किये जाने, तथा
- (ख) शहर के शासकीय माध्यमिक विद्यालय, ठकुरपुरा में बाउण्ड्रीवाल निर्माण किये जाने,

(4) श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा, सदस्य, रतलाम जिले के -
- (क) जावरा शहर से बाहर बाय-पास रोड बनाये जाने,
- (ख) जावरा शहर की सड़कों की मरम्मत किये जाने, तथा
- (ग) जावरा शहर के बीच रेल्वे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनाये जाने,

(5) श्री हेमराज कल्पोनी, सदस्य, राजगढ़ जिले के -
- (क) ग्राम पंचायत-देवलीकला में नल जल योजना स्वीकृत किये जाने,
- (ख) ग्राम पंचायत-सडियाकुंआ में नलजल योजना स्वीकृत किये जाने,
- (ग) ग्राम-टोडरी में एक नलकूप खनन किये जाने, तथा
- (घ) ग्राम पंचायत-कोलुखेड़ा में नलजल योजना स्वीकृत किये जाने,

(6) श्री बृजेन्द्र सिंह, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के -
- (क) विकासखण्ड पृथ्वीपुर के मोहनगढ़ मुख्यमार्ग से खिरक तक पक्की रोड तथा नाली निर्माण किये जाने,
- (ख) विकासखण्ड पृथ्वीपुर के नंदवारा तालाब से जीरोन तक पक्की नहर बनाये जाने,
- (ग) विकासखण्ड पृथ्वीपुर के ग्राम लुहर गुवां से खाखरौन के बीच नदी पर रपटा बनाये जाने,
- (घ) विकासखण्ड पृथ्वीपुर के ग्राम पहाड़ी बक्सी से वेरवाखिरक तक पक्का मार्ग बनाये जाने,
- (ङ) विकासखण्ड पृथ्वीपुर के ग्राम कसेला से विरोरा पहाड़ तक के मार्ग का डामरीकरण किये जाने,
- (च) विकासखण्ड पृथ्वीपुर के ग्राम पुही से चन्दोखा तक पक्की सड़क बनाये जाने,
- (छ) विकासखण्ड पृथ्वीपुर के ग्राम पंचायत दिगौड़ा में महाविद्यालय खोले जाने, तथा
- (ज) विकासखण्ड पृथ्वीपुर के ग्राम मोहनगढ़ में महाविद्यालय खोले जाने,

-4-

(7) श्री मोतीलाल तिवारी, सदस्य, सतना जिले के -

(क) तहसाल मैहर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय घोषित किये जाने,
(ख) तहसील मैहर वार्ड क्रमांक-9 में स्थित शमशानघाट की बाउण्ड्रीवाल बनाये जाने,
(ग) तहसील मैहर के ग्राम भड़ई एवं भटिगवां की पूर्व मा. शाला को हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,
(घ) तहसील मैहर के एस.डी.ओ.पी. के बंगले से दक्षिण दरवाजा तक सड़क निर्माण किये जाने,
(ङ) तहसील मैहर की शासकीय कन्या प्राथमिक शाला को माध्यमिक शाला में उन्नयन किये जाने,
(च) तहसील मैहर की शासकीय कन्या माध्यमिक शाला घुनवारा को हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,
(छ) तहसील मैहर के ग्राम बेमरा से कुदरा खोह तक पहुंच मार्ग निर्माण किये जाने,
(ज) तहसील मैहर के ग्राम तिघराकला में आंगनवाड़ी केन्द्र खोले जाने,
(झ) तहसील मैहर के ग्राम कटिया के तालाब का विस्तारीकरण किये जाने,
(ञ) तहसील मैहर के ग्राम मतवारा से ममरहा तक पहुँच मार्ग बनाये जाने,
(ट) तहसील मैहर के ग्राम पाता की पूर्व माध्यमिक शाला में बाउण्ड्रीवाल बनाये जाने,
(ठ) तहसील मैहर के ग्राम घुनवारा से मनौरा तक पहुंच मार्ग बनाये जाने, तथा
(ड़) तहसील मैहर के ग्राम हरनामपुर की पूर्व माध्यमिक शाला की बाउण्ड्रीवाल बनाये जाने,

(8) श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति (एन.पी.), सदस्य, देवास के वार्ड क्रमांक 20 में मुख्य मार्ग से टी.बी. अस्पताल तक सड़क निर्माण किये जाने, तथा

(9) श्री शंकरलाल तिवारी, सदस्य, रीवा जिले की तहसील मऊगंज के ग्राम हड़िया के वार्ड क्रमांक 1 व 2 को ग्राम डिलहा में तेदुआ देवतालाब पहुँच मार्ग से जोड़ने,
के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 5. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश कपास बीज (पूर्ति, वितरण एवं विक्रय का विनियमन तथा विक्रय मूल्य का निर्धारण) विधेयक, 2010 (क्रमांक 22 सन् 2010) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

(2) श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी विधेयक, 2010 (क्रमांक 23 सन् 2010) पर विचार किया जाय।

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

## 6. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा (क्रमशः)

प्रदेश में विद्युत की कमी, अघोषित विद्युत कटौती एवं विद्युत दरों में वृद्धि के संबंध में चर्चा का पुनर्ग्रहण.

**निर्धारित समय**

## 7. अशासकीय संकल्प

(1) श्री बृजमोहन धूत, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

**25 मि.** "यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि महाकाल नगरी उज्जैन से काशी विश्वनाथ जाने हेतु वाराणसी के लिये व्हाया भोपाल ट्रेन चलाई जावे.".

(2) श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

**25 मि.** "यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि इंदौर-दाहोद स्वीकृत रेल लाईन का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाय.".

(3) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

**50 मि.** "सदन का यह मत है कि प्रदेश के मूल निवासियों के अतिरिक्त यदि किसी अन्य प्रदेश के मूल निवासियों द्वारा प्रदेश में आकर कृषि प्रयोजन के लिये जमीन क्रय किये जाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाय.".

(4) श्री आरिफ अकील, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

**50 मि.** "सदन का यह मत है कि भोपाल सहित प्रदेश में जो शराब की दुकानें धार्मिक स्थलों के पास संचालित हो रही हैं, उनके विरूद्ध कार्यवाही कर 500-1000 मीटर की दूरी पर स्थानांतरित किया जाय.".

**डॉ. ए.के. पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 29 जुलाई, 2010**